# 'गति शक्ति' से घट रही लागत

## मंत्री पीयूष गोयल बोले – लॉजिस्टिक सुधार से उद्योगों को बड़ा लाभ

**नई दिल्ली, 13 अक्टूबर. केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'प्रधानमंत्री गति शक्ति मिशन' देश के बुनियादी ढांचे को रूपांतरित कर रही है और लॉजिस्टिक दक्षता में सुधार ला रही है. इस मिशन के चलते अब इसके ठोस परिणाम विभिन्न क्षेत्रों में दिखाई देने लगे हैं.**

### मिशन बना योजनाबद्ध विकास का प्रमुख साधन



गोयल ने बताया कि पिछले चार वर्षों में पीएम गति शक्ति मिशन ने मंत्रालयों, राज्यों और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय का एक प्रभावी उपकरण बनकर उभरना शुरू कर दिया है. उन्होंने कहा, अब हर कोई इस पहल से लाभ उठा सकता है. इसका प्रभाव दैनिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में दिखाई दे रहा है.

भारत मंडपम में पीएम गति शक्ति मिशन की चौथी वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा कि वर्षों से भारत की प्रतिस्पर्धा के लिए चुनौती बनी लॉजिस्टिक लागत अब घटने लगी है. उन्होंने बताया कि हाल ही में जारी एक रिपोर्ट में यह स्पष्ट हुआ है कि विशेष रूप से लास्ट माइल कनेक्टिविटी में सुधार के कारण लॉजिस्टिक लागत में उल्लेखनीय कमी आई है. गोयल ने बताया कि पहले उद्योगों को सामग्री के परिवहन में ट्रक से रेल और फिर रेल से ट्रक जैसे कई चरणों में बदलाव करना पड़ता था, जिससे समय और संसाधनों की हानि होती थी. अब खनन क्षेत्रों और विद्युत संयंत्र स्थलों पर प्रत्यक्ष रेलवे साइडिंग्स बनने से यह समस्या काफी हद तक समाप्त हो गई है. उन्होंने कहा, खनन स्थल और बिजली संयंत्रों पर सिर्फ अंतिम चरण की कनेक्टिविटी सुधारने से ही बिजली उत्पादन की लागत पर बड़ा प्रभाव पड़ता है क्योंकि लॉजिस्टिक खर्च घट जाता है. इससे उद्योगों और उपभोक्ताओं दोनों को लाभ होता है.

**डिजिटल उपकरणों से और मजबूत होगा मिशन–** कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने मिशन को– और सशक्त बनाने के लिए नए डिजिटल टूल्स लॉन्च किए. इसमें एकीकृत भू-स्थानिक इंटरफेस शामिल है, जो आम नागरिकों को गति शक्ति डेटाबेस तक सार्वजनिक पहुंच की सुविधा देगा. साथ ही, एक बहु-क्षेत्रीय रिपोर्टिंग प्रणाली भी शुरू की गई है, जिससे मिशन के क्षेत्रवार विकास पर प्रभाव की निगरानी की जा सकेगी.

## भविष्य में कर्मचारियों के लिए पंजीकरण अभियान

**नयी दिल्ली, 13 अक्टूबर.** सरकार ने कर्मचारी भविष्य योजना में छूटे हुए पात्र श्रमिकों के पंजीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया है जो पहली नवंबर से अगले साल 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा. श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि यह अभियान सामाजिक सुरक्षा के तहत ऐसे कर्मचारियों के नामांकन को बढ़ावा देगा और नियोक्ताओं को पिछले रिकॉर्ड को नियमित करने में मदद करेगा जिनका नाम किसी वजह से ईपीएफ में शामिल होने से रह गया है. ईपीएफओ में पंजीकृत नियोक्ता उन सभी मौजूदा कर्मचारियों का नामांकन कर सकते हैं, जो पहली जुलाई, 2017 से 31 अक्टूबर, 2025 के बीच प्रतिष्ठान की नौकरी में जुड़े हैं किंतु किसी भी कारण से पहले ईपीएफ योजना में नामांकित नहीं हुए हैं.

# आगे बढ़ेगा भारत और कनाडा संबंध

**आर्थिक, रणनीतिक और लोगों के बीच संबंधों पर रहेगा फोकस- जयशंकर**

**दोनों देशों के बीच साझेदारी को पुनर्जीवित करने पर हुई चर्चा**

**नई दिल्ली, 13 अक्टूबर. विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को पदभार संभालने के बाद अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर आईं कनाडा की नई विदेश मंत्री अनीता आनंद का स्वागत किया.**

द्विपक्षीय वार्ता के दौरान जयशंकर ने कहा कि भारत, कनाडा के साथ सकारात्मक मानसिकता के साथ संबंधों को आगे बढ़ाने को उत्सुक है, जैसा कि इस वर्ष की शुरुआत में प्रधानमंत्री मोदी ने कनाडा के प्रधानमंत्री कार्नी के साथ अपनी मुलाकात में संकेत दिया था.

### सहयोग की दृष्टि पर हुई चर्चा



जयशंकर ने बताया कि विदेश मंत्री आनंद ने सोमवार सुबह प्रधानमंत्री मोदी से भी मुलाकात की, जहां प्रधानमंत्री ने सहयोग की दृष्टि और इसे साकार करने के सर्वोत्तम तरीके की रूपरेखा व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत की. उन्होंने दोनों देशों के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों, विदेश और व्यापार मंत्रालयों के बीच हुई व्यापक चर्चाओं पर प्रकाश डाला. जयशंकर ने कनाडा की ओर देखते हुए कहा, हम एक पूरक अर्थव्यवस्था, एक और खुला समाज, विविधता और बहुलवाद देखते हैं. हमारा मानना है कि यही एक घनिष्ठ, टिकाऊ और दीर्घकालिक सहकारी ढांचे का आधार है.

राष्ट्रीय राजधानी में हुई द्विपक्षीय बातचीत के दौरान जयशंकर ने टिप्पणी की कि पिछले कुछ महीनों में भारत-कनाडा द्विपक्षीय संबंध लगातार प्रगति कर रहे हैं. उन्होंने कहा, हम अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक तंत्रों को बहाल करने और पुनर्जीवित करने पर काम कर रहे हैं.


**SEBI भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड Securities and Exchange Board of India**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
सेबी भवन - II, प्लॉट सं. सी-7, "जी" ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई (महाराष्ट्र) - 400051, दूरभाष: 26449000 / 40459000

निविदा (टेंडर) सं.: सेबी/एचओ/आईटीडी/सीएससी/2025/10/01

सेबी में "नेक्स्ट जनरेशन सिक्यूरिटी ऑपरेशन्स सेंटर - नेटवर्क ऑपरेशन्स सेंटर (एनजीएसओसी-एनओसी) और सुरक्षा से जुड़े दूसरे सिक्यूरिटी सॉल्यूशन्स" से संबंधित प्रोजेक्ट के संबंध में सेबी निविदा (ओपन टेंडर) के जरिए "प्रस्ताव हेतु निवेदन" (आरएफपी) आमंत्रित करता है। इस संबंध में समस्त जरूरी दिशानिर्देशों और समय-सीमाओं की जानकारी के लिए कृपया सेबी की वेबसाइट (www.sebi.gov.in) पर "निविदाएँ" ["Tenders"] शीर्षक के अंतर्गत दिया हुआ आरएफपी (सं. SEBI/HO/ITD/CSC/2025/10/01) देखें।

कृपया अपने प्रस्ताव इस लिंक पर प्रस्तुत कर दें: https://www.mstcecommerce.com/eprocn

CBC 15204/11/0174/2526


## फॉक्सकॉन करेगी तमिलनाडु में 15 हजार करोड़ का निवेश

**चेन्नई.** वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण निर्माता कंपनी फॉक्सकॉन ने तमिलनाडु में अपने उन्नत प्रौद्योगिकी निर्माण कार्यों के विस्तार के लिए 15 हजार करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है.

इस निवेश से राज्य में 14 हजार उच्च मूल्य वाले रोजगार सृजित होंगे, जिनमें अधिकतर अवसर इंजीनियरिंग स्नातकों और कुशल युवाओं के लिए होंगे. राज्य सरकार की निवेश संवर्द्धन एजेंसी गाइडेंस तमिलनाडु ने जानकारी दी कि यह निर्णय फॉक्सकॉन और तमिलनाडु सरकार के बीच दीर्घकालिक औद्योगिक साझेदारी को और मजबूत करेगा. मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन से मुलाकात के बाद निर्णय– यह घोषणा तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन और फॉक्सकॉन के भारत प्रतिनिधि रॉबर्ट वू के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल की बैठक के बाद की गई. इस दौरान राज्य के उद्योग मंत्री टी. आर. बी. राजा भी उपस्थित रहे. बैठक में फॉक्सकॉन ने राज्य की औद्योगिक व्यवस्था पर भरोसा जताया और भारत में प्रौद्योगिकी आधारित विनिर्माण को गति देने की प्रतिबद्धता दोहराई. भारत का पहला फॉक्सकॉन डेस्क बनेगा तमिलनाडु में– राज्य सरकार ने बताया कि फॉक्सकॉन द्वारा गाइडेंस तमिलनाडु कार्यालय में देश का पहला फॉक्सकॉन डेस्क स्थापित किया जाएगा.

# सोने की कीमतों में बंपर उछाल

**नई दिल्ली, 13 अक्टूबर 2025. धनतेरस से पहले भारत में सोने की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं. त्योहारों के इस शुभ मौके पर देशभर में सोना खरीदने की होड़ मच गई है, जिससे बाजार में 24 कैरेट और 22 कैरेट सोने की कीमतों में तेज़ी बनी हुई है. चेन्नई में 24 कैरेट सोना 12,573 प्रति ग्राम तक पहुंच गया है, जबकि दिल्ली में इसकी कीमत 12,555 प्रति ग्राम दर्ज की गई है.**

मुंबई, पुणे, भोपाल और अहमदाबाद जैसे प्रमुख शहरों में भी गोल्ड रेट 12,540–12,545 प्रति ग्राम के बीच है. वहीं, 22 कैरेट और 18 कैरेट सोने के भाव में भी लगातार तेजी बनी हुई है. बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक अनिश्चितता, डॉलर में उतार–चढ़ाव और घरेलू मांग की वजह से कीमतें चढ़ रही हैं.

# ट्रस्टी बनें निवेशकों की पहली ढाल

**मुंबई, 13 अक्टूबर. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के अध्यक्ष तुहिन कांत पांडेय ने सोमवार को म्यूचुअल फंड ट्रस्टीज से आग्रह किया कि वे उद्योग और निवेशकों की सुरक्षा के लिए प्रभावी गार्डरेल्स तैयार करें तथा ऐसी प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली विकसित करें, जिससे किसी भी अनियमितता का समय रहते पता लगाया जा सके और आवश्यक कदम उठाए जा सकें.**



सेबी द्वारा आयोजित लीडरशिप डायलॉग फॉर ट्रस्टीज ऑफ म्यूचुअल फंड कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पांडेय ने कहा कि ट्रस्टीज म्यूचुअल फंड प्रणाली में पारदर्शिता और जोखिम प्रबंधन के लिए पहली सुरक्षा पंक्ति हैं.

## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं वन व्यवस्थापन अधिकारी, बेगमगंज, जिला रायसेन

क्रमांक/720/रीडर-1 — बेगमगंज, दिनांक 23/7/2025

### उद्घोषणा

### (धारा-6 भारतीय वन अधिनियम 1927 के अंतर्गत)

एतद् द्वारा सर्व संबंधित एवं ग्रामवासियों ग्राम हप्सिली, प.ह.नं. 7, ग्राम पंचायत हप्सिली, तहसील बेगमगंज, जिला रायसेन को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित भूमि को भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 4 के अनुसार मध्यप्रदेश शासन ने आरक्षित वन घोषित करने का विनिश्चय किया है. तदाशय की अधिसूचना मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) में दिनांक 28/8/1970 को प्रकाशित की जा चुकी है, जिसमें वन की स्थिति एवं सीमाएं विनिर्दिष्ट की गई हैं. यह भूमि आरक्षित हो जाने पर किसी भी प्रकार का दखल, प्रवेश, उपयोग, मार्ग एवं चराई अधिकार, वनोपज संबंधी अधिकार, उत्खनन संबंधी अधिकार, कृषि आदि जीविकोपार्जन अधिकार बंद एवं प्रतिबंधित हो जावेगा. उल्लंघन होने पर भारतीय वन अधिनियम 1927, वन संरक्षण अधिनियम 1980 एवं अन्य सुसंगत वन विधियों व विधानों के अंतर्गत दंडात्मक कार्यवाही की जा सकेगी. अतः एतद् द्वारा अपेक्षा की जाती है कि इस उद्घोषणा के प्रकाशन दिनांक से तीन माह के अंदर कोई भी या समस्त हितग्राही व्यक्ति, पक्षकार आदि उपरोक्त कार्यालय में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं वन व्यवस्थापन अधिकारी बेगमगंज, जिला रायसेन के समक्ष उपस्थित होकर अपने अधिकार, दावाकृत प्रतिकार, स्वत्व आदि बावत् प्रमाणों, दस्तावेजों सहित लिखित सूचना, आपत्ति आदि प्रस्तुत करें तथा प्रमाणित करें. उक्त अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा.

**उद्घोषणा आज दिनांक 23/7/2025 को मेरे हस्ताक्षर से जारी.**

अनुविभागीय अधिकारी
(राजस्व) बेगमगंज, जिला रायसेन (म.प्र.)

G19973/25

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
(CIN-L65110TN2014PLC097792)
रजिस्टर्ड ऑफिस : के आरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोन : +914445644000, फैक्स: +914445644022

### वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना

निम्नलिखित उधारकताओं और सह- उधारकताओं ने **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं. नीचे उल्लिखित उधारकताओं और सह-उधारकताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं. चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशा-निदेशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया।है. **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी पर संबंधित तिथियों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा.

| स. क्रं. | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 50356600 | संपत्ति के बदले ऋण | 17.09.2025 | 2,62,506.12/- |

**उधारकताओं और सह-उधारकताओं के नाम:** 1. राम प्रसाद दांगी 2. नानीबाई राम प्रसाद

**संपत्ति का पता:** अचल संपत्ति (आवासीय भवन) का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल जिसका माप 39x39=1521 वर्ग फुट (141,356 वर्ग मीटर) है, सर्वेक्षण संख्या/आबादी खसरा संख्या 213 के बाहर, फोन नंबर 125 (20) पर स्थित, गाँव: गेहुखेड़ी, तहसील: ब्यावरा, जिला: राजगढ़, म.प्र.-465674, और सीमाएँ: पूर्व: हेमराज, पश्चिम: कॉमन रोड, उत्तर: प्रेमनारायण, दक्षिण: दिनेश

आपको उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए विवरण के अनुसार **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** को संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर तथा अन्य लागत, प्रभार आदि के साथ इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के विरुद्ध एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 (4) तथा धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही आरंभ करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है). इसके अलावा, आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत बिक्री / पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है.

**एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी**
**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)**

दिनांक: 14.10.2025
स्थान: राजगढ़

## कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु) नियम 8 (1)

क्योंकि अधोहस्ता. आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइल हाउसिंग फाइनेंस लि.) (आईआईएफएल एचएफएल) के सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत व सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 3 के सहपठित सेक्शन 13 (12) के तहत शक्तियों के पालन में कंपनी के प्रा. अधिकारी के निम्न देनदारों/सह-देनदारों को उक्त नोटिस प्राप्ति तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था. देनदार राशि नहीं चुका सके, अत: देनदारों व जनता को सामान्यतया नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ता. ने उक्त नियमों के नियम 8 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (4) के तहत शक्तियों के पालन में निम्न संपत्ति का कब्जा ले लिया है. देनदारों व जनता को संपत्ति से लेनदेन नहीं करने को आगाह किया जाता है व संपत्ति से कोई भी लेनदेन निम्न राशि व उस पर ब्याज हेतु आईआईएफएल एचएफएल की देनदारी के अधीन होगा. देनदारों का ध्यान एक्ट की सेक्शन 13 की सब स्टेशन (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित है. यदि देनदार ट्रांसफर या बिक्री हेतु तय तिथि से पहले किसीभी समय लागत, चार्ज व खर्चों सहित 'आईआईएफएल एचएफएल' के बकायों को क्लियल कर देता है तो सिक्योड एसेट को 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा नहीं बेचा जाएगा व सिक्योर्ड एसेट की ट्रांसफर या बिक्री हेतु 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा.

| देनदारों का नाम | सिक्योर्ड एसेट अचल संपत्ति विवरण | कुल बकाया.... रु. | डिमांड नोटिस तिथि | कब्जा तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री रघुराज सिंह ठाकुर श्री महेंद्र ठाकुर श्रीमती नेहा (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10779330) | पटवारी हल्का संख्या 08 का वह पूरा टुकड़ा, मकान संख्या 61, वार्ड संख्या 14, खसरा संख्या 141, ग्राम खेड़ा सलैया, ग्राम पंचायत में स्थित कनेरा निखार, तहसील एवं जिला सागर, मध्य प्रदेश, 470115, भारत क्षेत्र प्रवेश (वर्ग फुट में)- संपत्ति प्रकार- भूमि_क्षेत्र, निर्मित_क्षेत्र, कालीन_क्षेत्र संपत्ति क्षेत्र- 1048.00, 1043.00, 810.00 | रु. 461343/- (रु. चार लाख इकसठ हजार तीन सौ तिरतालीस मात्र) | 16-07-2025 | 09-10-2025 |

विवरण हेतु संपर्क- प्रा. अधिकारी ब्रांच आफिस: 183, प्रथम तल, सोनी भवन, एम.पी. नगर, जोन-2, भोपाल/या कार्पोरेट ऑफिस- प्लॉट नं. 98, फेस-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा.

स्थान- भोपाल, दिनांक 14/10/2025 — प्रा. अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

## सब्जियां और दालें हुई सस्ती

**नई दिल्ली.** सितंबर 2025 में आम जनता को महंगाई के मोर्चे पर बड़ी राहत मिली है. खुदरा महंगाई दर गिरकर सिर्फ 1.54 प्रतिशत पर आ गई, जो कि जून 2017 के बाद का सबसे निचला स्तर है. इससे पहले अगस्त में यह 2.07 प्रतिशत थी. खाने-पीने की चीजों जैसे सब्जियों, दालों, फलों और खाद्य तेलों के दामों में गिरावट से ये राहत देखने को मिली है. राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, फूड इनफ्लेशन सितंबर में -2.28 प्रतिशत रहा, जो दिसंबर 2018 के बाद का सबसे कम स्तर है. आरबीआई ने भी महंगाई के अनुमान को कम करते हुए अब 2025-26 के लिए इसे 2.6 प्रतिशत पर रखा है. इससे आर्थिक स्थिरता और आम आदमी की जेब दोनों को राहत मिलने की उम्मीद है.

## खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 99 महीने के निचले स्तर पर

**नयी दिल्ली, 13 अक्टूबर.** सब्जियों और दालों की कीमतों में भारी गिरावट के कारण सितंबर में उपभोक्ता मूल्य पर आधारित मुद्रास्फीति (खुदरा महंगाई दर) 99 महीने के निचले स्तर पर आ गयी. राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, सालाना आधार पर सितंबर में खुदरा महंगाई की दर 1.54 प्रतिशत रही जो जून 2017 के बाद का निचला स्तर है.

इससे पहले, अगस्त 2025 में खुदरा महंगाई दर 2.04 प्रतिशत दर्ज की गयी थी. इस दौरान खाद्य मुद्रास्फीति शून्य से 2.28 प्रतिशत नीचे रही जो दिसंबर 2018 के बाद सबसे कम है. अगस्त में यह शून्य से 0.64 प्रतिशत नीचे रही थी.


## SKI-HI Institute of Education

Affiliated to Barkatullah Vishwavidhyalaya, Bhopal
Village: Thuna kalan, PO: Pachama, Distt.: SEHORE (MP) 466001

**FACULTY RECRUITMENT**

Applications invited for appointments at teaching posts in B.Ed course under college code 28 norms of Barkatullah Vishwavidhyalaya Bhopal.

| S. No | Post | Qualification | Work Exp. | No. of Positions |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Principal | PhD in Education, M.Ed. & PG degree in Arts/ Sciences/ Social Sciences/ Comm | 08 years in B.Ed college | 01 |
| 02 | Lecturer (Foundation courses) | M.Ed. & PG degree in Social Sciences OR M.A. (Education), and, B.Ed./ B. El. Ed. | - | 03 |
| 03 | Lecturer (Pedagogy C) | M.Ed., and, PG degree in Sciences/ Mathematics/ Social Sciences/ Languages | - | 07 |
| 04 | Lecturer | P.G. degree in Sociology/ Psychology/ Philosophy, and, B.Ed./ B. El. Ed. | 03 years in sec. school | 02 |
| 05 | Physical Education Teacher | M. P. Ed. | - | 01 |
| 06 | Fine Arts Teacher | M. F. A. | - | 01 |
| 07 | Music Teacher | PG degree in Music/ Dance/ Theatre Arts | - | 01 |

- Minimum 55% marks pre-requisite eligibility criteria in Each degree for all posts.
- Pay scale as per MP State Government norms.
- Interested candidates may e-mail resume to skyhighsociety2007@gmail.com
- Shortlisted candidates shall be notified within 7 days.


## कब्जा नोटिस

जबकि, **जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13 (2) के साथ नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उधारकर्ता/सह-उधारकताओं को मांग नोटिस जारी किए हैं, जिसमें उधारकताओं से अनुरोध किया गया है कि वे संबंधित नामों के समक्ष उल्लिखित राशि को, उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर, उक्त नोटिस में उल्लिखित लागू दरों पर ब्याज सहित, और भुगतान और/या वसूली की तिथि तक किए गए भावी आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि सहित चुका दें।

| क्र. सं. | ऋण संख्या | उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/ गारंटर/बंधककर्ता | 13(2) नोटिस दिनांक/ बकाया राशि (रुपये में) | दिनांक/समय और कब्जे का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 30579420000678 45499430000797 & 30579410000267 | 1) श्री सैम अली मोल्ला, अंसार अली मोल्ला के पुत्र, 2) श्रीमती नरगिस परवीन बेगम, पत्नी सैम अली मोल्ला | 21.07.2025, रू. 16,37,583.78 (केवल सोलह लाख सैंतीस हजार पाँच सौ तिरासी और अठहत्तर पैसे) 13.07.2025 तक | दिनांक: 11.10.2025 समय: सुबह 11:25 प्रतीकात्मक कब्जा |
| | **सुरक्षित संपत्तियों का विवरण:** संपत्ति: प्लॉट संख्या 10 पर निर्मित आवासीय फ्लैट संख्या इ-2 (तीसरी मंजिल) का पूरा हिस्सा, कुल क्षेत्रफल 465 वर्ग फुट (43.21 वर्ग मीटर), निर्माण सहित, वार्ड संख्या 23, आइवरी शॉपिंग कॉम्प्लेक्स गली संख्या 2, शकूर खान मस्जिद अट्टा सुजे खान इतवारा तहसील और जिला भोपाल (मध्य प्रदेश)। सीमा: पूर्व में स्काई ब्लो रोड, पश्चिम में फ्लैट संख्या B-3, उत्तर में अन्य फ्लैट और दक्षिण में फ्लैट संख्या B-1 और कॉरिडोर। | | | |
| 2 | 34020430000012 | 1) श्री दीपक, पुत्र हरि सिंह, 2) श्रीमती चंदा बाई, पत्नि हरि सिंह, 3) श्री हरि सिंह, पुत्र रामचरण | 28.07.2025, रू. 4,69,553.97 (चार लाख उनत्तर हजार पाँच सौ तिरेपन और सत्तानवे पैसे मात्र) 23.07.2025 तक | दिनांक: 11.10.2025 समय: दोपहर 12:50 प्रतीकात्मक कब्जा |
| | **सुरक्षित संपत्तियों का विवरण:** खसरा संख्या 182 का वह पूरा टुकड़ा, जिसका क्षेत्रफल 0.08 एकड़ (8 दशमलव) और 323.86 वर्ग मीटर है, ग्राम बदरखा सड़क, पुलिस चौकी संख्या 04, आर.एन.एम. ईंटखेड़ी सड़क, विकास खंड फंदा, तहसील हुज़ूर और जिला भोपाल (मध्य प्रदेश) में स्थित है। पूर्व में सड़क, पश्चिम में राकेश मीणा की भूमि, उत्तर में सरकारी भूमि और दक्षिण में श्री शिवचरण के मकान से घिरा है। | | | |

चूंकि, ऊपर उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता देय राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए विशेष रूप से ऊपर उल्लिखित उधारकताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि जन लघु वित्त बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपरोक्त वर्णित संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ उपरोक्त तिथियों पर अपने कब्जे में ले लिया है। विशेष रूप से ऊपर उल्लिखित उधारकताओं/सह-उधारकताओं/गारंटर/बंधककताओं और आम जनता को एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे उपरोक्त संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों से संबंधित कोई भी लेन-देन न करें और उक्त संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों से संबंधित कोई भी लेन-देन **जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड** के प्रभार के अधीन होगा।

स्थान: भोपाल — एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
दिनांक: 14.10.2025 — जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के लिए

**JANA SMALL FINANCE BANK** (A Scheduled Commercial Bank)

पंजीकृत कार्यालय: द फेयरवे, भूतल एवं प्रथम तल, सर्वेक्षण संख्या 10/1, 11/2 एवं 12/2बी, डोम्लुर के पास, कोरमंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के बगल में, चल्लघट्टा, बेंगलुरु-560071। शाखा कार्यालय: प्लॉट संख्या 131/01, भूतल, एमपी नगर जोन-2, भोपाल (मध्य प्रदेश)-462011।

## कार्यालय नगरपालिका परिषद सीहोर, जिला सीहोर (म.प्र.)

क्रमांक/8350/राजस्व/2025 — सीहोर दिनांक 13.10.2025

मप्र नगरपालिका अधिनियम 1961 की उपधारा 150 के तहत नगरपालिका सीहोर की सीमा अन्तर्गत नीचे दी गई सूची अनुसार भवन नामांतरण के प्रकरण इस कार्यालय को प्राप्त हुए हैं। एतद् द्वारा उक्त प्रकाशित सूचना संबंध में यदि किसी नामांतरण को लेकर किसी व्यक्ति/फर्म/बैंक/वित्तीय संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस सार्वजनिक दिन से 15 दिवस के भीतर तथ्यात्मक अभिलेख सहित इस कार्यालय में लिखित में आवेदन प्रस्तुत करें। बाद अवधि पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति नहीं की जावेगी।

**दिनांक 02/09/2025 से 10/10/2025**

| क्र. | वार्ड क्र. | भवन क्र. | आवेदन दिनांक | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तांतरित का नाम | संपत्ति का नाम, स्थान, पता | नामांकतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 21 | 00 | 02/09/25 | दिनेश सोलंकी / सिद्धार्थ सोलंकी | रामस्वरूप सा./नंदराम झा | हाउसिंग बोर्ड कॉलानी सीहोर | रजि., मप्र, गृह निर्माण विकास मंडल भोपाल |
| 2 | 23 | 00 | 03/09/25 | मो. तैयब अली / मो. हाफिज अली | मतलुब अली/ मो. हाफिज मेहमुद अली | पीठा क्षेत्र, मंडी सीहोर | रजिस्ट्री |
| 3 | 23 | 00 | 03/09/25 | तैयब अली /मो. हाफिज मेहमुद अली | आमना बेगम/स्व.अमीर खान | पीठा क्षेत्र, मंडी सीहोर | रजिस्ट्री, नजुल नामांतरण |
| 4 | 06 | 159 | 05/09/25 | रेखा/ जगदीश जायसवाल | चंद्रप्रकाश / रामचंद्र असनानी | पल्टन एरिया, सिंधी कॉलानी सीहोर | रजिस्ट्री, नजुल नामांतरण |
| 5 | 09 | 00 | 09/09/25 | बाबूलाल परमार /नाथुराम | सुमित सिंह बैंस /रणधीर सिंह | चाणक्यपुरी, मुरली सीहोर | रजिस्ट्री, तहसील नामांतरण |
| 6 | 28 | 00 | 10/09/25 | हरी नारायण /गेंदालाल लाहोटी | किरण सोनी/ राजेन्द्र सोनी | पारस गुलाब वाटिका सीहोर | रजिस्ट्री, नजुल नामांतरण |
| 7 | 15 | 166 | 10/09/25 | बालकृष्ण उर्फ बाल कृष्णा राठौर | राजेंद्र कुमार /जगन्नाथ प्रसाद राठौर | राठौर मोहल्ला, गंज सीहोर | रजिस्ट्री, नजूल नामांतरण |
| 8 | 09 | 15 | 10/09/25 | रमेशचंद/ मांगीलाल | नितिन शाक्य /सुभाषचंद्र/उमेश कु./ नंद कुशवाह | पोस्ट ऑफिस कॉलानी सीहोर | रजिस्ट्री |
| 9 | 29 | 430 | 10/09/25 | सुदर्शन राय/सोहनलाल राय | प्रियंका नामदेव/गौरव नामदेव | पारस गुलाब वाटिका सीहोर | रजिस्ट्री |
| 10 | 08 | 160 | 10/09/25 | चंदर सिंह /घासीराम | दीपक मिश्रा /रामेश्वर दयाल मिश्रा/ममता मिश्रा/दीपक मिश्रा | चाणक्यपुरी सीहोर | रजिस्ट्री, खसरा |
| 11 | 27 | 405 | 15/09/25 | स्व.एन.उद्दीन/स्व.अमीन उद्दीन | जरीना बेगम / स्व. एन.उद्दीन, सलाम उद्दीन, कलाम उद्दीन, फैजान उद्दीन, शुजाउद्दीन, अशफाक उद्दीन, खदीजा बेगम/मुमताज हुसैन सालेहा बेगम /निजाम उद्दीन | कबाड खाना सीहोर | रजिस्ट्री, नजूल नामांतरण |
| 12 | 33 | 234 | 15/09/25 | अ. अजीज /शेख नत्था | मो. लियाकत /अब्दुल सत्तार | जामनपुरा कस्बा सीहोर | रजिस्ट्री, नजूल नामांतरण |
| 13 | 21 | 1295 | 16/09/25 | शिव प्रसाद / पन्नालाल भावसार | कृष्णा प्रजापति /भगवान दास | संतोष नगर गृह निर्माण सहकारी संस्था मुरली सीहोर | रजिस्ट्री, खसरा |
| 14 | 19 | 1688 | 16/09/25 | एस.आर.रियल एस्टेट कम्पनी सुदर्शन राय | परमानंद यादव /रामकिशन | एस.आर.विहार कॉलोनी सीहोर | तहसील रजिस्ट्री नामांतरण |
| 15 | 03 | 219 | 16/09/25 | एस.आर.रियल एस्टेट कम्पनी सुदर्शन राय | प्रशांत यादव/ राजाराम यादव | एस.आर.विहार कॉलोनी सीहोर | तहसील रजिस्ट्री नामांतरण |
| 16 | 03 | 220 | 16/09/25 | एस.आर.रियल एस्टेट कम्पनी सुदर्शन राय | नीलिमा यादव /भानुप्रताप सिंह | एस.आर.विहार कॉलोनी सीहोर | तहसील रजिस्ट्री नामांतरण |
| 17 | 08 | 00 | 17/09/25 | रईस अहमद/नजीर अहमद /कमर अहमद सिद्दीकी | मुकेश महेश्वरी, हेमत महेश्वरी | इंग्लिशपुरा सीहोर | रजिस्ट्री, नजुल नामांतरण |
| 18 | 21 | 732 | 17/09/25 | ब्रजलाल /रामप्रसाद महेश्वरी | साक्षिता /राहुल कुमार | अवधपुरी सीहोर | रजिस्ट्री, तहसील नामांतरण |
| 19 | 05 | 469 | 17/09/25 | उर्मिला /अशोक जायसवाल | पतिराम प्रजापति /जवारीलाल प्रजापति | पल्टन एरिया सीहोर | रजिस्ट्री |
| 20 | 29 | 495 | 17/09/25 | मोहन लाल/ बाबुलाल वारिया | सुरेश कुमार वारिया /बाबुलाल वारिया | जंगली अहाता चर्च रोड सीहोर | वसीयत नामा, नजुल नामा, |
| 21 | 21 | 628 | 18/09/25 | लीलाधर / हरीप्रसाद | देवराज /हीरालाल | अवधपुरी सीहोर | रजिस्ट्री, तहसील नामांतरण |
| 22 | 11 | 92 | 19/09/25 | लीना भालेकर | निर्मला सिलावट /राधेश्याम | सुदामा नगर गंज सीहोर | रजिस्ट्री |
| 23 | 24 | 143 | 19/09/25 | मो. हसीन /मो. हुसैन | अंशय जायसवाल /अशोक जायसवाल | नारायण दास, कंपाउंड सीहोर | रजिस्ट्री, नजुल नामांतरण |
| 24 | 03 | 517 | 19/09/25 | गुलरेज खान/अ. माजिद खान | नवनीत भावसार /प्रहलाद भावसार | दशहरा वाला बाग, इंदौर नाका सीहोर | रजिस्ट्री, खसरा तहसील नामांतरण |
| 25 | 18 | 286 | 24/09/25 | हसीना बी /बिलायत खां | कलीम कुरैशी/ वहीद कुरैशी/समीर | लेवर कॉलोनी सीहोर | रजिस्ट्री |
| 26 | 14 | 00 | 24/09/25 | दिलीप सिंह सिसोदिया | जगमोहन /कृष्णकांत | दुर्गा कॉलोनी सीहोर | रजिस्ट्री |
| 27 | 19 | 252 | 25/09/25 | मिथलेश शर्मा /माधोप्रसाद शर्मा /द्रोपती बाई, दीपक | गौरा बाई / रामगोपाल | नेहरू कॉलोनी सीहोर | रजिस्ट्री |
| 28 | 05 | 491 | 25/09/25 | साबेरा बी / स्व अनवर कुरैशी | शोएब कुरैशी /अकील | पल्टन ऐरिया सीहोर | रजि मृत्यु प्रमाण पत्र नजुल नामांतरण |
| 29 | 27 | 02 | 26/09/25 | फिदा हुसैन /गुलजार हुसैन/ताहिर अली | विद्या चौरसिया /शिवचरण चौरसिया शेखर चौरसिया शुभम चौरसिया | मॉ कालका मंदिर के पास मेन रोड सीहोर | रजिस्ट्री, नजुल नामांतरण |
| 30 | 08 | 00 | 28/09/25 | उर्मिला देवी /सुदर्शन महाजन संगीता महाजन / गौरव महाजन | येशमी यादव /रवि यादव | इंग्लिशपुरा सीहोर | रजिस्ट्री |
| 31 | 08 | 00 | 28/09/25 | उर्मिला देवी /सुदर्शन महाजन संगीता महाजन / गौरव महाजन | सुमन राय/अभिशेष कुमार राय | इंग्लिशपुरा सीहोर | रजिस्ट्री |
| 32 | 09 | 440 | 08/10/25 | सुशीला सोनी/ लक्ष्मीनारायण सोनी | भुपेंद्र सोनी/शंकरलाल सोनी | चाणक्यपुरी कॉलोनी सीहोर | रजिस्ट्री, नजुल नामांतरण noc |
| 33 | 28 | 448 | 10/10/25 | हबीबुल्ला /अब्दुल्ला | सलीम /हबीबुल्ला कलीम राजा /अ. हलीम सरफराज /अ. हलीम | गांधी रोड सीहोर | रजिस्ट्री |
| 34 | 50 | 19 | 10/10/25 | रेशम देवी / ब्रजभूषण श्रीवास्तव | अरुण कुमार/ब्रजभूषण श्रीवास्तव | नेहरु कॉलोनी सीहोर | रजिस्ट्री |
| 35 | 19 | 673 | 10/10/25 | गीता बाई/ प्रेमनारायण | राहुल सोनी / ओमप्रकाश | नेहरु कॉलोनी सीहोर | रजिस्ट्री |
| 36 | 25 | 225 | 10/10/25 | ओंकार सिंह /रोहतास सिंह /राम अवतार सिंह | यशोदा बाई / केशव सिंह | शिव अराध्या कॉलोनी सीहोर | रजिस्ट्री, तहसील नामांतरण |
| 37 | 05 | 207 | 10/10/25 | सपना /प्रदीप महेश्वरी विनीता / प्रमोद | अंकित सोनी / अशोक कुमार सोनी | राजा बाग सीहोर | रजिस्ट्री |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद सीहोर**